भारत भवन में 'कविता-कथा' समारोह का शुभारंभ, बहुभाषी रचनाओं ने बांधा समां



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारत भवन के भारतीय कविता केंद्र 'वागर्थ' की ओर से रविवार को दो दिवसीय साहित्यिक समारोह 'कविता-कथा' का शुभारंभ हुआ। रचना-पाठ और वैचारिक विमर्श पर केंद्रित इस आयोजन में देश की विभिन्न भाषाओं के कवियों और कथाकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से जीवन, समाज और संवेदनाओं के विविध पहलुओं को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत संगीता गोस्वामी और सहयोगी कलाकारों की वाणी वंदना से हुई। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। रचना-पाठ में हिंदी की कवयित्री वैशाली थापा ने 'आकाशवाणी' और 'दु:ख ऊब जाएगा' कविताओं के माध्यम से अभिव्यक्ति, जीवन और मानवीय संवेदनाओं को रेखांकित किया। उर्दू की कवयित्री डॉ. नुसरत मेहदी ने अपनी गजल के जरिए संवाद और रिश्तों में बातचीत के महत्व को सामने रखा। उनकी पंक्तियों 'छोड़ वहमों गुमां, बात कर, ऐ मेरे हमजुबां, बात कर' ने श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया।

मराठी की कवयित्री कल्पना दुधाल ने 'बाकी सपने अब वीरान लगते हैं' कविता में सूखे पौधों और अधखिली कोंपलों के प्रतीकों से निराशा के बीच उम्मीद की तलाश को अभिव्यक्त किया। इसके अलावा ओड़िया की कहानीकार यशोधारा मिश्र, हिंदी की कहानीकार सुमन सिंह, सिंधी की कहानीकार द्रोपदी चांदनानी और हिंदी की कवयित्री अन्ना माधुरी तिर्की ने भी रचनाएं प्रस्तुत कीं। समारोह के दूसरे दिन सोमवार को कविता और कथा के संबंधों पर दो वैचारिक सत्र होंगे। सुबह 10:30 बजे 'कविता और कथा की परस्परता' विषय पर पहले सत्र की अध्यक्षता गोविंद मिश्र करेंगे। शाम 4 बजे दूसरे सत्र की अध्यक्षता संतोष चौबे करेंगे। शाम 6:30 बजे विभिन्न भाषाओं के कवि और कथाकार रचना-पाठ करेंगे।

पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण सिंह केसरी के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

नप्र, भोपालः भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पूर्व विधायक नारायण सिंह केसरी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। खण्डेलवाल ने कहा कि नारायण सिंह केसरी ने अपना पूरा जीवन संगठन की मजबूती और जनसेवा के लिए समर्पित किया। उनका राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक कौशल और वैचारिक प्रतिबद्धता पार्टी कार्यकर्ताओं का सदैव मार्गदर्शन करती रहेगी। उनका निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। पार्टी ने एक अनुभवी और समर्पित नेता को खो दिया है।

उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

प्राकृतिक संसाधनों का दोहन धरती की क्षमता से अधिक कर रहा मनुष्य : डॉ. दुबे

हिंदी लेखिका संघ की काव्य गोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण और हरित दीपावली मनाने का दिया संदेश



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः हिंदी लेखिका संघ, मध्यप्रदेश द्वारा दीप पर्व एवं पर्यावरण प्रदूषण विषय पर काव्य गोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय वन प्रबंधन संस्थान की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जयश्री दुबे ने कहा कि मनुष्य धरती की प्राकृतिक संसाधनों को पुन: उत्पन्न करने की क्षमता से अधिक उनका दोहन कर रहा है। यह असंतुलन पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती है। उन्होंने वृक्ष संरक्षण और पौधारोपण को आवश्यक बताया।

मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् राम माहेश्वरी ने दीपावली पर वायु और ध्वनि प्रदूषण से बचने तथा प्रकृति के अनुकूल त्योहार मनाने का आह्वान किया। संघ की अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने साहित्यकारों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की। काव्य गोष्ठी में निमिषा गुप्ता, वंदना गुप्ता, रेणु श्रीवास्तव, सुनीता यादव, डॉ. रंजना शर्मा, कल्पना विजयवर्गीय सहित अन्य कवयित्रियों ने प्रकृति, प्रदूषण और हरित दीपोत्सव पर रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन मधुलिका सक्सेना ने किया। चित्रा चतुर्वेदी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की और वंदना गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

कार्तिक पूर्णिमा पर शीतलदास की बगिया में होगा भक्ति संगीत



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सनातन धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। इस तिथि को देव दीपावली के रूप में भी मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन दीपदान, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और दान-पुण्य करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

इसी अवसर पर मां कर्मा युवा मंच धार्मिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी 24 नवंबर, मंगलवार को शीतलदास की बगिया, कमला पार्क में धार्मिक आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान भगवान को 11 क्विंटल साबूदाना खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा और श्रद्धालुओं को फलाहारी महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजन शाम 5 बजे से शुरू होगा। भजन-कीर्तन के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बनाया जाएगा। संस्था के मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने बताया कि मां कर्मा युवा मंच धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना को आगे बढ़ा रहा है। संस्था के अध्यक्ष शैलेंद्र साहू ने कहा कि ऐसे आयोजन धार्मिक परंपराओं को जीवंत रखने के साथ समाज के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस पर दीं शुभकामनाएं

नप्र, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस पर सभी कैडेटों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं में अनुशासन, एकता, नेतृत्व क्षमता, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

विधायक चौहान के बेटे के विवाह समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

नप्र, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को उज्जैन जिले के नागदा में विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान के सुपुत्र के विवाह समारोह में शामिल हुए। उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद भविष्य और वैवाहिक जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री के आगमन पर विधायक और उनके परिवार ने आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक जितेंद्र पंड्या, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, राजेश धाकड़, संजय अग्रवाल, पूर्व विधायक बबीता रघुवंशी, संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, यशपाल सिंह सिसौदिया, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा उपस्थित रहे।

OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL (M.P.)

ZONE NO. 10

N.I.T. NO.166/ES/BMC/2026 — **Inviting e-Tenders** — dated 19/11/2026

Online percentage / item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

SNO	Tender ID	Name of Work	Probable Amount of Contract (Rs. in lakh)+	Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs)	Cost of Bid Document (In Rs)	Period of Completion (in Months)	SOR
1	2026_UAD_549564_1	CONSTRUCTION OF DRAIN AT SAFA KHANA MAX SOCIAL CULTURE, PF OF PAVER BLOCK AT AAM WALI MASJID AND DRAIN AT BABA FARID KI GALI CONVENT SCHOOL WARD 42 ZONE 10	1,453,810.00	14538.00	2000/-	02Months	MPU ADD ISSR 2021

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

Assistant Engineer
Municipal Corporation Bhopal District Bhopal

T.N.1037/026/027

कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा), भोपाल

क्रमांक 864 / यॉं.वि. /26 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — **भोपाल, दिनांक 20/11/2026**

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

क्र.	निविदा क्र.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	अनुमानित लागत (रू. में)	निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक	समय
01	2026_UAD_551031_1	PROVIDING AND FIXING OF OPEN GYM EQUIPMENT SET, CHILD PLAY EQUIPMENT SET, GHAZIBO AT AMBEDKAR NAGAR PARK, ARADHNA NAGAR PARK, SUDAMA NAGAR PARK AND GEETANJALI WARD 28 ZONE 08	27,77,600	21-DEC-2026	05:30 PM
02	2026_UAD_550977_1	DEVELOPEMENT OF PARK BEHIND BALIKA SUDHAR GRAH IN FRONT OF POLICE GIRLS HOSTEL NEHRU NAGAR W-29 Z-08	10,23,566	21-DEC-2026	05:30 PM
03	2026_UAD_550952_1	CONSTRUCTION OF NALA AND COVERING OF SLEB BEHIND SANJAY COMPLEX WARD 28 ZONE 08	24,48,191	21-DEC-2026	05:30 PM
04	2026_UAD_550902_1	INSTALLATION OF RELLING AND LAYING OF PAVER BLOCK INFRONT OF MOHAN DJ CHAKKI CHOURAHA TULSI NAGAR WARD 31 ZONE 07	13,12,674	21-DEC-2026	05:30 PM
05	2026_UAD_550925_1	PROVIDING AND FIXING OF PAVING BLOCK AND DRAIN IN FRONT OF DABBU HEENG KACHORI ARADHNA NAGAR W-28 Z-08	6,29,332	07-DEC-2026	05:30 PM

नोट – संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम, भोपाल

निक्र. 1044/026/027

सूडोकु नवताल- 7968

सरल

7	8				2	6		3
			4					
1	3	5		8				
	2			1			7	8
6	7			9			2	
				6		5	9	2
					3			
2		8	5				6	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.


■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7967 का हल

4	3	2	9	5	6	1	7	8
6	8	5	7	1	4	9	2	3
9	1	7	3	8	2	4	5	6
3	4	8	6	2	7	5	1	9
5	6	1	8	4	9	2	3	7
2	7	9	5	3	1	6	8	4
1	9	3	4	7	5	8	6	2
8	2	4	1	6	3	7	9	5
7	5	6	2	9	8	3	4	1

काकुरो पहेली - 7641




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः


1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 7640 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9049



बाएँ से दाएँ

1. तन, शरीर-3
3. चकोर, चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6. झगड़ा, द्वेष-3
7. मोटा आटा-2
8. खिंचाव, स्वर विस्तार-2
9. असली, शुद्ध-3
10. यंत्रशाला-4
12. कार्यविधि-3
14. चिंगारी-3
16. एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18. दूल्हे की पगड़ी-3
20. सम्मान-2
21. प्राण, जीवन तत्व-2
22. कुशल, होनहार-3
24. राशिचक्र की एक राशि-3
25. प्रेमी, साजन- 3

ऊपर से नीचे


2. अवलोकन, दरस-3
3. चलने का ढंग-2
4. तेलघर-4
5. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6. जलजला-3
7. रसीला, रस से भरपूर-4
8. बल, जोर, दम-3
10. चाचा, अंकल-2
11. शौहर, पति-3
13. 'दीवाने हुए पागल' की नायिका-2,2
14. वहम, संदेह-3
15. राजा, सम्राट-3
16. उपद्रवी, आतंकी-4
17. गिरवी रखी वस्तु-3
20. बैठने की जगह-3
21. शराब का प्याला-2
23. राधे की प्रेमिका-2

शब्द पहेली -9048 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7480



ऊपर से नीचे:-

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म २
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म ३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म ३
५. काहे कोयल शोर, गचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म २
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म ४
९. 'हैं मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म ३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली फिल्म ३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी २
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, ताब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म २
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म २
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

बायें से दायें:-

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म ३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म ३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म २
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म ३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निरली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, साधना की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी ३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म ३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म ३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म ४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म ३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म ३

फिल्म वर्ग पहेली- 7479

श	ह	ल		ना		गै	श	ल	र
जा			षा	य	ल		द		ना
औ	ला	द		ब	गा	व	त		
र		स	त्या		न		मी	ना	क्षी
रं	गी	ला		टी		अ	ज	य	
क		ख	ल	ना	य	क		क	था
	पै		की			ल	क्ष्य		ने
खू	ब	सू	र	त		गं		दा	दा
	द			ला		द	स		र
डॉ	न		रे	श	नी		नी	तू	

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7574

	3	7	5			2
5	38		32	1	27	
	4		2	3	6	
3	32		32		33	
6		4	7		5	
	24		36	4	30	5
1			7		2	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7573 का हल

7	5	1	3	6	4	2
6	34	6	33	1	33	7
5	1	3	6	7	2	4
1	22	2	35	4	34	5
4	1	5	6	2	7	3
3	30	4	37	5	33	6
2	4	7	5	3	6	1

Jagrutidaur.com, Bangalore


शब्दजाल- 8594

अ	व	र	सु	चे	ता	कृ	प	ला	नी	इ	
न	सुं	क	ज	इं	डो	ने	ह	ति	म	श्त	
अ	ध	आ	ज	य	ल	लि	ता	ह	प	उ	
हु	रा	ल	मा	ज	ल	स	रा	ह	इ	मा	
ब	रा	ब	ड़ी	दे	वी	क	र	क	त्ते	भा	
द	जे	कि	र	क	दा	का	को	ड	क	र	
शी	मा	दे	श	व	था	र	त	म	क	ती	
ला	दे	श	शि	न	प	य	रा	घु	व	ला	
दी	दि	ल	क	ले	दा	र	जा	या	वी	दे	
क्षि	ज	ति	ला	हि	द	ह	मा	द	ल	र	
त	र	सु	ष	मा	स्व	रा	ज	त	र	म	

शब्दजाल में 'भारत की 10 महिला मुख्यमंत्रीयो के नाम' ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

सुचेताकृपलानी, शशिकला, काकोडकर, मायावती, राबड़ी देवी, सुषमा स्वराज, शीलादीक्षित, उमाभारती, वसुंधराराजे, जयललिता

शब्दजाल - 8593 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore